रौल नं0................................नाम परीक्षार्थी.........................................

VII-5 **वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई०** **A**

# सामाजिक विषय

समय – 2.00 घण्टा    कक्षा – 7    पूर्णांक – 100

**नोट–प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है। जिस खण्ड से जितने प्रश्न हल करने हैं उसके सम्मुख अंकित हैं। प्रश्न सं. 1 व 2 अनिवार्य हैं।**

1. निम्न खण्डों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:– 10

(क) भूमिगत जल द्वारा निर्मित आकृति है :–

(अ) स्टेलेक्टाइट (ब) U आकार की घाटी

(स) V आकार की घाटी (द) भूस्तम्भ।

(ख) कयाक है :–

(अ) पानी का जहाज (ब) नाव

(स) हैलीकाप्टर (द) पक्षी।

(ग) सतनामियों ने किसके समय में विद्रोह किया :–

(अ) अकबर (ब) औरंगजेब

(स) शाहजहाँ (द) जहाँगीर।

(घ) फतेहपुर सीकरी का निर्माण कराया :–

(अ) हुमायूँ ने (ब) शेरशाह सूरी ने

(स) अकबर ने (द) खुसरो ने।

(ङ) उत्तर प्रदेश विधान परिषद की सदस्य संख्या है :–

(अ) 95 (ब) 99

(स) 100 (द) 104

2. निम्न कथनों में सत्य/असत्य छाँटकर लिखिए :– 10

(क) मयूर सिंहासन (तख्ते ताउस) जहाँगीर ने बनावाया था।

(ख) भूमि के नाप की इकाई मीटर थी।

(ग) सुल्तान सेना का सबसे बड़ा अधिकारी होता है?

(घ) वायुमण्डल में 78 प्रतिशत नाइट्रोजन गैस पाई जाती है।

(ङ) राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

(पृष्ठ पलटिए)

खण्ड- (क) कोई पाँच प्रश्न हल कीजिए। 20

3. विच्छेपण क्या है?
4. प्राकृतिक प्रदेशों के विभाजन का आधार क्या है?
5. एक मरूस्थलीय प्रदेश की जलवायु कैसी है?
6. मुगलकालीन एक प्रसिद्ध गायक का नाम लिखिए।
7. शिवाजी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
8. मुगल साम्राज्य के पतन में किस सीमा तक औरंगजेब उत्तरदायी था?
9. लोक सभा के कार्यों को लिखिए।

खण्ड - (ख) कोई पाँच प्रश्न कीजिए। 30

10. धन विधेयक क्या है? इसको पारित करने की प्रक्रिया साधारण विधेयक से किस प्रकार अलग है?
11. पानीपत की तीसरी लड़ाई क्यों हुई? इसके क्या परिणाम हुए?
12. राजपूतों के प्रति औरंगजेब की नीति के बारे में लिखिए।
13. अपक्षय तथा अपरदन में क्या अन्तर हैं?
14. टुण्ड्रा क्षेत्र के लोग पशुओं की खालों का प्रयोग कहाँ-कहाँ करते हैं?
15. अण्टार्कटिका महाद्वीप में लोग क्यों नहीं रहते हैं?
16. भक्तिकाल के प्रमुख सन्तों के नाम लिखिए।

खण्ड - (ग) कोई दो प्रश्न कीजिए। प्रश्न संख्या 19 अनिवार्य है। 30

17. मरूस्थलीय प्रदेश के प्राकृतिक वातावरण का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?
18. शिवाजी के शासन प्रबन्ध के बारे में लिखिए।
19. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-
    (क) राष्ट्रपति का चुनाव .............. वर्ष के लिए होता है।
    (ख) भारत का प्रथम नागरिक .............. होता है।
    (ग) संघ कई .............. से मिलकर बना है।
    (घ) राज्यसभा में सदस्यों की संख्या अधिक से अधिक .............. हो सकती है।
    (ङ) संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष .............. थे।